शुभ दिन मंगलवार | By Sunil Sarvottam

आज बड़ा ही शुभ दिन भक्तों दिन है मंगलवार
संकट मोचन बालाजी की बोलो जय जयकार
संकट सभी आज टल जाएंगे
दु:ख से भरे दिन बदल जायेंगे

लड्डू पेड़े और बूंदी का तुम प्रसाद चढ़ाओ
सिन्दूरी चोला बजरंगी बाला को पहनाओ
मंगल का दिन ऐसे जैसे हो कोई त्यौहार
संकट मोचन बालाजी की बोलो जय जयकार

केसरी नंदन मंगलकर्ता मंगल करते काज
सीताराम जी इनके ह्रदय में करते हैं वास
बालाजी बरजांग बलि को पूजे सब संसार
संकट मोचन बालाजी की बोलो जय जयकार

लाल लंगोटा हाथ में सोटा चले पवन की चाल
राम नाम लेने वालो को करते सदा निहाल
इनके चरणों में आते ही होता बेडा पार
संकट मोचन बालाजी की बोलो जय जयकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%ad-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%b2%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sunil-sarvottam/